# डब्लूबीइएन ने लांच किया इलेक्शन एडवोकेसी कैंपेन




(फोटो : भारतमित्र)

कोलकाता, 14 अप्रैल। वेस्ट बंगाल एडुकेशन नेटवर्क एवं चाइल्ड राइट्स एन्ड यू द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इलेक्शन एडवोकेसी कैंपेन को लांच किया गया। इस दौरान डब्लूबीइएन की ओर से एक चाइल्ड राइट्स मैनिफेस्टो को भी जारी किया गया। मैनिफेस्टो में बच्चों के लिए सही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्कूल जाने योग्य सड़कों का निर्माण एवं अन्य कई चीजों की मांग की गई है। पंचायत चुनाव से पहले सभी राजनीतिक पार्टियों के सामने उपरोक्त सभी मांगे रखी गई हैं।

मौके पर उपस्थित डब्लूबीइएन के कन्वेनर श्री स्वप्न पांडा ने कहा, सभी राजनीतिक पार्टियों को शिशुओं के विकास के लिए अपना सम्पूर्ण योगदान देना चाहिये।